**पटना में दिनांक–07 नवम्बर, 2023 मंगलवार को अपराह्न 6:30 बजे हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक की कार्यवाही। मुख्यमंत्री ने बैठक की अध्यक्षता की।**

**निम्नलिखित निर्णय लिये गये :–**

**ग्रामीण विकास विभाग**

1. "मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय सहायता योजना" अंतर्गत सुयोग्य परिवारों को वास भूमि क्रय करने हेतु पूर्व निर्धारित दर प्रति लाभुक 60 हजार रूपये से बढ़ाकर अधिकतम 01 (एक) लाख रूपये किये जाने की स्वीकृति के संबंध में। — **1. स्वीकृत।**

**ग्रामीण विकास विभाग**

2. शराब एवं ताड़ी के उत्पादन एवं बिक्री में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़े अत्यंत निर्धन परिवार एवं अन्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य समुदायों के लक्षित अत्यंत निर्धन परिवारों का आजीविका संवर्धन, क्षमता निर्माण एवं वित्तीय सहायता के माध्यम से सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण हेतु राज्य स्कीम अंतर्गत चालू योजना सतत् जीविकोपार्जन योजना को वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक विस्तारित करने एवं विस्तारित अवधि में योजना के कार्यान्वयन हेतु अनुमानित व्यय रू0 3032.00 करोड़ (तीस अरब बत्तीस करोड़) तथा योजनान्तर्गत लक्षित परिवारों को एकीकृत परिसम्पत्ति के सृजन हेतु प्रति परिवार निवेश की अधिकतम सीमा को 1 (एक) लाख रूपये से बढ़ाकर 2 (दो) लाख रूपये करने की स्वीकृति। — **2. स्वीकृत।**

**सामान्य प्रशासन विभाग**

3. बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 1991 (समय–समय पर यथा संशोधित) को संशोधित करने हेतु संशोधन विधेयक, 2023 — **3. स्वीकृत।**

**सामान्य प्रशासन विभाग**

4. बिहार (शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन में) आरक्षण अधिनियम, 2003 (बिहार अधिनियम 16, 2003) (समय समय पर यथा संशोधित) को संशोधित करने हेतु संशोधन विधेयक, 2023 — **4. स्वीकृत।**

**उद्योग विभाग**

5. विभिन्न वर्गों के गरीब परिवारों के आर्थिक विकास के लिए "बिहार लघु उद्यमी योजना" की सैद्धांतिक स्वीकृति। — **5. स्वीकृत।**